समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# राजस्थान जन चेतना मंच ने भादरा मे निकाला प्रदर्शन, उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञ्ापन।

Publisher

Published on 12 Jul 2025



**पूर्व विधायक डॉ. सुरेश चौधरी के नेतृत्व मे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भादरा की समस्याओं को लेकर रैली निकाली, ज्ञ्ापन मे पांनी, सीवरेज और किसान घोटाले जैसे मुद्दों पर कार्रवाई की मांग।**

**सवांदाता, भादरा,**
**हनुमानगढ़,**
**राजस्थान**
**भादरा, हनुमानगढ़, राजस्थान**: आज भादरा कस्बे में **राजस्थान जन चेतना मंच** की ओर से एक जोरदार प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई मंच के प्रदेश अध्यक्ष एवं **पूर्व विधायक डॉ. सुरेश चौधरी** ने की. जन चेतना मंच के सैकड़ों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार से उपखंड कार्यालय भादरा तक पैदल मार्च करते नजर आए.

रैली के अंत में कार्यकर्ताओं ने भादरा उपखंड अधिकारी के माध्यम से राजस्थान के मुख्यमंत्री **अशोक गहलोत** के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें **भादरा क्षेत्र** की जमीनी समस्याओं को लेकर कई मांगें की गईं.

**डॉ. सुरेश चौधरी ने सरकार को घेरा**
रैली के समापन पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए **डॉ. सुरेश चौधरी** ने कहा,
"राजस्थान जन चेतना मंच हर कार्यकर्ता के साथ खड़ा है. हम आमजन की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे."

उन्होंने वर्तमान सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आम लोगों की समस्याएं सरकार की प्राथमिकता में नहीं हैं और केवल

घोषणाओं से काम नहीं चलेगा.

**ज्ञापन मे उठाए गए ये प्रमुख मुद्दे**

**१. भादरा नगरपालिका क्षेत्र मे जल निकासी व्यवस्था की मांग**
**२. अव्यवस्थित सीवरेज लाइन से हो रही परेशानी और आवागमन मे बांधा**
**३. स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुधारने की मांग**
**४. पेयजल संकट का समाधान**
**५. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना मे हुंए कथित घोटाले की जांच और एफआईआर**
**६. रसलाना वितरिका के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच**
**७. यूरिया और डीएपी खाद की कालाबाजारी पर रोक**
**८. नकली बीज व खाद विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई**

**अन्य नेताओं ने भी रखे अपने विचार**

इस मौके पर मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट **अजीत कुलहरी**, **रामनिवास छिपा** और **शिव भगवान ढाका** ने भी सभा को संबोधित किया. उन्होंने क्षेत्र की बिगड़ती व्यवस्थाओं को लेकर चिंता जताई और सरकार को चेतावनी दी कि यदि मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो जन चेतना मंच पूरे राज्य स्तर पर आंदोलन करेगा.

**बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता रहे मौजूद**

इस रैली में एडवोकेट विक्रम शर्मा, जगदीश घीटाला, राजेंद्र बेरवाल, बलजीत राव, यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज साहू, शकील गोरी, सरजीत कुलड़िया, पूरणमल बारूपाल, एडवोकेट नरेंद्र सियाग, विनोद मिल, रामपाल जाखड़, मेवा सिंह गरवान, मांगेराम साहू, चेतन सियाग, धर्मपाल राहड़, संतलाल गोदारा, अकबर खान, दलीप सिंह फौजी, भजनलाल मेहरा, विक्रम गोस्वामी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए.

इस रैली ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान खींचा और एक बार फिर जनता की समस्याओं को मंच के माध्यम से खुलकर सामने लाया गया.

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.